# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 /4018/ 2023 दिनांकः 25 जनवरी, 2023

सेवा में,

1. **प्राचार्य / प्राचार्या,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,**
**बलिया**

2. **निदेशक शैक्षणिक,**
**विश्वविद्यालय परिसर**

**विषयः दिनांकः 10 फरवरी से प्रारम्भ हो रहे 'सवर्जन दवा सेवन अभियान (एम0डी0ए0)' में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सहयोग किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग के पत्र संख्याः 22 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2023 दिनांकः 23 जनवरी, 2023 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराना है कि फाइलेरिया एक गम्भीर बीमारी है, जिसके कारण हाथीपॉव एवं हाइड्रोसील जैसे बीमारियाँ होती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के 51 जनपद इस बीमारी से प्रभावित हैं। फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति के अन्तर्गत वर्ष में एक बार सभी लोगों को (01 वर्ष से कम बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गम्भीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) **'सर्वजन सेवा अभियान (एम0डी0ए0)'** के अन्तर्गत एन0एस0एस0 की इकाईयों के स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव की औषधि खिलाया जाना अपेक्षित है।

2. उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि अपने महाविद्यालय / संस्थान में **दिनांकः 08 फरवरी, 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे 'सर्वजन सेवा अभियान (एम0डी0ए0)' अभियान 2023 के अन्तर्गत एन0एस0एस0 की इकाईयों के स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाओं के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से मनाने का कष्ट करें।**

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. माननीय कुलपति जी।
2. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय परिसर।
3. डॉ0 पुष्पा मिश्रा, निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय परिसर में सी0एम0ओ0 द्वारा उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाना है, जिसके क्रम में अग्रेतर व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें।
4. प्रो0 साहेब दूबे, समन्वयक, एन0एस0एस0, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि तद्क्रम में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय।
6. पत्रावली प्रति।

कुलसचिव



Scanned with CamScanner

संख्या–22 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2023

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– कार्यक्रम समन्वयक, एन0एस0एस0 से सम्बन्धित विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी, महात्मा ज्योतिवा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, बॉदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बॉदा, डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या।

2–उप शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, एन0एस0एस0 से सम्बन्धित मण्डल, उत्तर प्रदेश।
लखनऊ मण्डल लखनऊ, बरेली मण्डल बरेली, अयोध्या मण्डल अयोध्या,

**उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग** **लखनऊः दिनांक 23 जनवरी, 2023**

विषयः– दिनांक–10 फरवरी, 2023 से प्रारम्भ हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान (एम0डी0ए0) में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सहयोग किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक– 51 / एन0वी0बी0डी0 सी0पी0 / एन0पी0 / 2022–23 / 6949 दिनांक–22.12.2022 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से अवगत कराना है कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसके कारण हाथीपॉव एवं हाइड्रोशील जैसे बीमारियां होती है। उत्तर प्रदेश सरकार फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के 51 जनपद इस बीमारी से प्रभावित है। फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति के अन्तर्गत वर्ष में एक बार सभी लोगों को (01 वर्ष से कम बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) सर्वजन दवा सेवन अभियान (एम0डी0ए0) के अन्तर्गत एन0एस0एस0 की इकाईयों के स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव की औषधि खिलाया जाना अपेक्षित है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विगत सर्वजन दवा सेवन अभियान (एम0डी0ए0) के अन्तर्गत एन0एस0एस0 कैड्टस एवं कालेज के बच्चों द्वारा जन–जागरूकता हेतु आई0ई0सी0 गतिविधियां आयोजित की गयी थी। तदक्रम में आगामी 10 फरवरी, 2023 से 19 जनपदों में **(अम्बेडकर नगर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, चित्रकूट, अयोध्या, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, महोबा, मऊ, पीलीभीत, भदोही, शाहजहॉपुर, सोनभद्र और लखनऊ)** एम0डी0ए0 अभियान प्रारम्भ किये जाने हेतु सम्बन्धित जनपदों के विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक एवं उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक मण्डल उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक–स्वयंसेविकाओं के माध्यम से सर्वजन दवा सेवन अभियान (एम0डी0ए0) में सहभागिता कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

**संख्या–22(1) / सत्तर–रा0से0यो0को0–2023–तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) निजी सचिव, प्रमुख सचिव को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।

(2) क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं0–1 आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच0, अलीगंज, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

डॉ0(सुनीता गुप्ता)
विशेष कार्याधिकारी एवं
राज्य सम्पर्क अधिकारी।

Scanned with CamScanner

संख्या 2222/MP/PSHED/2022

प्रमुख सचिव कार्यालय में
प्राप्त दिनांक 27/12/22

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा मे,

प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0 शासन।

पत्रांकः– 51 / एन0वी0बी0डी0सी0पी0 / एन0पी0 / 2022–23 / 6949

**विषय–** **दिनांक 10 फरवरी, 2023 से प्रारम्भ हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान (एम0डी0ए0) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0) द्वारा सहयोग के संदर्भ में।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसके कारण हाथीपॉव एवं हाइड्रोशील जैसे बीमारियां होती है। उत्तर प्रदेश सरकार फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 51 जनपद इस बीमारी से प्रभावित हैं। फाइलेरिया उन्मूलन रणनीति के अन्तर्गत वर्ष में एक बार सभी लोगों को (01 वर्ष से कम बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) सभी लोगों को एम0डी0ए0 गतिविधि के दौरान फाइलेरिया से बचाव की औषधि खिलाई जाती हैं।

उक्त के क्रम में विगत एम0डी0ए0 अभियानों में एन0एस0एस0 कैड्टस एवं कालेज के बच्चों द्वारा जन–जागरूकता हेतु आई0ई0सी0 गतिविधियां की गयी थी। इसी के क्रम में आगामी 10 फरवरी, 2023 से 19 जनपदों यथा अम्बेडकर नगर, अमेठी, आजमगढ़, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, चित्रकूट, अयोध्या, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, महोबा, मऊ, पीलीभीत, भदोही, शाहजहॉपुर, सोनभद्र और लखनऊ में शुरू हो रहे एम0डी0ए0 अभियान में सहयोग हेतु आपसे सम्बन्धित कालेज/संस्थान एवं विश्वविद्यालय के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर्स (एन0एस0एस0) को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक
तदिनांक

पत्रांक–51 / एन0वी0बी0डी0सी0पी0 / एन0पी0 / 2022–23 /

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन को सादर सूचनार्थ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
3. अपर निदेशक, मलेरिया एवं वी0बी0डी0, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
4. संयुक्त निदेशक, फाइलेरिया, जवाहर भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. श्री ध्रुव प्रकाश सिंह, राज्य प्रतिनिधि, पी0सी0आई0 इण्डिया को इस आशय के साथ प्रेषित की समन्वय स्थापित कर उक्त का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।
6. राज्य प्रतिनिधि, PATH, WHO, CFAR को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त पर सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

(डा० सुधीर एम० बोबडे)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग

(कैलाश नाथ राय)
उप सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उ0प्र0 शासन।

Scanned with CamScanner